राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
National Institute of Fashion Technology

(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

# सार्वजनिक सूचना

**08 जनवरी 2026 / 18 पौष 1947**

**विषय: NIFTEE–2026 चरण-1 परीक्षा हेतु आवेदन कार्यक्रम का अंतिम विस्तार – संबंध में**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा **NIFTEE–2026 चरण-1 परीक्षा** का आयोजन **08 फरवरी 2026 (रविवार)** को देशभर के **102 शहरों में कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT)** तथा **कलम-काग़ज़ आधारित परीक्षा (PBT)** मोड में किया जाएगा।
NIFTEE–2026 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया वर्तमान में **08 दिसंबर 2025** को जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार प्रगति पर है।

यह सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **NIFT को बड़ी संख्या में छात्रों से आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने के संबंध में अनुरोध/प्रतिनिधित्व प्राप्त हुए हैं**, जिनमें विभिन्न कारणों से अतिरिक्त समय दिए जाने का आग्रह किया गया है।

उपरोक्त के दृष्टिगत, **NIFT द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) से औपचारिक रूप से अनुरोध किया गया है** कि **UG, PG एवं NLEA कार्यक्रमों** के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की समय-सीमा को एक अंतिम अवसर के रूप में बढ़ाया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र अभ्यर्थी परीक्षा हेतु आवेदन कर सकें।

अतः **NIFT के अनुरोध पर एवं छात्रों के हित में, NIFTEE–2026 चरण-1 परीक्षा** हेतु आवेदन कार्यक्रम को निम्नानुसार विस्तारित किया गया है:

| **चरण-1 परीक्षा से संबंधित गतिविधियाँ** | **अंतिम तिथि / अवधि** |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन पत्र जमा करना (https://exams.nta.nic.in/niftee/) | **16 जनवरी 2026 (शुक्रवार)** |
| ₹5,000/- विलंब शुल्क (आवेदन शुल्क के अतिरिक्त) के साथ आवेदन पत्र जमा करना | **17 जनवरी 2026 से 19 जनवरी 2026** |
| आवेदन पत्र में विवरणों में सुधार (केवल ऑनलाइन) | **20 जनवरी 2026 से 21 जनवरी 2026** |

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा आवेदन प्रक्रिया के सभी चरण, विशेषकर शुल्क भुगतान, संशोधित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें।

यह पुनः स्पष्ट किया जाता है कि **यह अंतिम विस्तार है** तथा इसके पश्चात आवेदन की समय-सीमा बढ़ाने का **कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे नवीनतम अद्यतन एवं सूचनाओं के लिए नियमित रूप से एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट (**www.nta.ac.in**) तथा **NIFTEE** की वेबसाइट (**https://exams.nta.nic.in/niftee/**) का अवलोकन करते रहें तथा अंतिम तिथि से पूर्व आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें, जिससे अंतिम समय में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

**NIFTEE–2026** से संबंधित किसी भी अतिरिक्त जानकारी अथवा स्पष्टीकरण हेतु अभ्यर्थी दूरभाष संख्या **011-40759000** पर संपर्क कर सकते हैं अथवा अणु-डाक के माध्यम से **nift@nta.ac.in** पर लिख सकते हैं।

**निदेशक, एनटीए**